राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने कहा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में राजस्थान अग्रणी बने

राज्यपाल श्री बागडे ने "हेल्थकेयर पायनियर्स ऑफ राजस्थान" कॉफी बुक का लोकार्पण किया

जयपुर, 28 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में "हेल्थकेयर पायनियर्स ऑफ राजस्थान" कॉफी बुक का लोकार्पण किया।

श्री बागडे ने इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से महती कार्य करने वालों का अभिनंदन किया और कहा कि चिकित्सक पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सेवा भाव रखते हुए कार्य करें। उन्होंने राज्य को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी बनाने का भी आह्वान किया।

उन्होंने चिकित्सकों द्वारा मरीज के साथ अच्छा व्यवहार करने और वैश्विक चुनौतियों के आलोक में चिकित्सा सेवाओं का प्रभावी विस्तार किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित भी किया।

HEALTHCARE
PIONEERS
of RAJASTHAN